हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 12 जून 2024
[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]



## खबर संक्षेप



### किसान सम्मान की राशि जारी नेताम ने जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तीसरे कार्यकाल का शपथ लेते ही देश के 9.3 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री सम्मान निधि राशि जारी करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के 38 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत हैं। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार किसान हितैषी सरकार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों के विकास को प्राथमिकता में लेकर काम कर रही है।

### अब तुलसी पूजा पर मिलेगी सरकारी छुट्टी

**रायपुर।** राज्य सरकार ने देवउठनी एकादशी (तुलसी पूजा) की छुट्टी की घोषणा की है। इस साल 12 नवंबर को पर्व के दिन सभी सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही अब नागपंचमी पर मिलने वाली छुट्टी अब नहीं मिलेगी। दरअसल, इस साल नागपंचमी के पर्व के लिए सरकारी दफ्तरों में 9 अगस्त छुट्टी घोषित की गई थी, जिसके बदले में राज्य सरकार ने नागपंचमी के त्योहार की छुट्टी को परिवर्तित करते हुए देवउठनी एकादशी यानी तुलसी पूजा को छुट्टी घोषित की है। रायपुर शहर और नया रायपुर अटल नगर स्थित सभी सरकारी दफ्तरों और संस्थाओं के लिए छुट्टी कैलेंडर में यह संशोधन किया गया है।

### हरनाम बने अध्यक्ष



**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित सामाजिक भवन में रविवार को पूज्य पंचायत नहरपारा का आमसभा और चुनाव किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सिंधी समाज के लोगों ने अध्यक्ष पद के लिए हरनाम सिंह तलरेजा को चुना। अब नए अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी गठित करेंगे। यह जानकारी पंचायत के सदस्य किशोर आहूजा ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर बलराम पी आहूजा, नत्थूलाल धनवानी, अशोक छेतिजा, अमर गिदवानी, नरेश संतवानी, नंदलाल छाबड़ा, अमर वलेचा, महेश आहूजा, शंकरलाल दानवानी, जवाहर पंजवानी, जयराम बढेजा, महेश खूबचंदानी, मनोहर ठंकरानी, महेश वलेचा सहित अन्य समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

### मां गांड़ा महासभा की बैठक में समाज के लोगों को जोड़ने का लिया संकल्प



**रायपुर।** त्रिमूर्ति नगर स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को जय बूढ़ी मां गांड़ा महासभा की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित मां गांड़ा महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि जय बूढ़ी मां गांडा महासभा द्वारा पिछले सरकार से समाजिक हित के लिए जमीन और जाति प्रमाण-पत्र और नुआखाई में एक दिवसीय छुट्टी की मांग की गई थी, ये मांगें सरकार बदलने के कारण रुक गई है, जिसे वर्तमान सरकार से पूरा करने का प्रयास गांड़ा महासभा द्वारा किया जाएगा। साथ ही आगामी जगन्नाथ रथ यात्रा के दिन सामाजिक मंच और नुआखाई के अवसर पर राजधानी में शोभायात्रा निकाली जाएगी, इसके लिए जय बूढ़ी मां गाड़ा महासभा द्वारा पूरे प्रदेश और रायपुर राजधानी में समाज के लोगों को जोड़ने और मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में त्रिनाथ जगत, शंकर तांडी, राधे नायक, माधव छुरा, संजय सोनी, राशिद, रोशनी बाघ, देवराज महानंद, जीतू सागर, श्याम सिक्का, सागर तांडी, विजय छुरा, दीपक दीप, मकरन तांडी, कृष्णा राणा, सदाराम बेहरा, अशोक बघेल, हरी बाघ, रवि निहाल, वासु छुरा, कानू छुरा, जगन्नाथ सोनी, उत्तम तांडी, चैतराम जगत सहित समिति के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राशन घोटाले की घोषणा के बाद सक्रिय हुआ खाद्य विभाग, कलेक्टरों से मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कांग्रेस सरकार के समय में हुए राशन घोटाले की विधायकों की समिति से जांच कराने की घोषणा के बाद खाद्य संचालक ने कलेक्टरों को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। मामले में यह जानकारी मांगी गई है कि प्रदेश की 13 हजार से अधिक राशन दुकानों में कितनी कमी पाई गई। उनमें से कितने की वसूली की गई, कितने पर प्रकरण दर्ज किया गया। घोटाले के लिए गठित जांच कमेटी की अभी पहली बैठक नहीं हुई है, उसके पहले ही विभाग की ओर से तैयारी शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि उचित मूल्य दुकानों में सितंबर 2022 के बचत स्टाक का सत्यापन खाद्य अधिकारियों ने किया था। जांच रिपोर्ट दिसंबर 2022 से मई 2023 के दौरान प्रस्तुत की गई।

मामले में खाद्य संचालनालय के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर राशन दुकानों में चावल, शक्कर, गुड़, चना सहित राशन सामग्री को बेचने का आरोप है। साथ ही प्रधानमंत्री खाद्यान्न सुरक्षा योजना का लाखों क्विंटल चावल को ब्लैक मार्केट में बिकवा दिया गया था। खाद्य संचालनालय के अपर संचालक के साथ मिलकर राशन दुकानों से चावल, शक्कर की कालाबाजारी की जानकारी आई थी। तेरह हजार राशन दुकानों को सालभर के कोटे की तुलना में दो से तीन गुना अधिक चावल का कोटा जारी कर छह अरब का राशन चावल की अफरातफरी हुई थी। बताया जाता है कि घोटाले को दबाने के लिए साफ्टवेयर से तेरह हजार राशन दुकानों के घोषणा पत्र गायब कर दिए गए थे। मैदानी अमले पर एफआईआर, निलंबन, विभागीय कार्रवाई की धमकी देकर बाजार से चावल खरीद कर रखवाने का काम करवाया गया है। राजस्व वसूली के लिए बिना प्रकरण बनाए नोटिस जारी करवाया गया था। मामला जब प्रकाश में आया, तो एक सप्ताह में राशन घोटाले में राशन दुकानों में बचे चावल की मात्रा की जानकारी के नाम पर खाद्य संचालनालय के अपर संचालक ने बोगस जानकारी भेज दी थी।

### राशन की कमी, वसूली और कितने प्रकरण दर्ज कर की गई कार्रवाई

**समिति की बैठक जल्द होगी**

समिति के सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि समिति की बैठक सभापति के आदेश पर जल्द होगी। तिथि अभी तय नहीं हुई है। पहली बैठक में जांच के बिन्दु तय किए जाएंगे। विभाग से भी इस संबंध में की गई कार्रवाई की जानकारी ली जाएगी।



**योजना :** ग्राम पंचायत व नगरीय निकाय से प्राप्त कर सकते हैं आवेदन

# अयोध्या में श्री रामलला दर्शन के लिए जिले से रवाना होंगे 62 यात्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

प्रदेश में श्री रामलला दर्शन योजना के क्रियान्वयन के लिए पर्यटन विभाग ने कलेक्टरों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया है। यात्रा के लिए हितग्राहियों के चुनाव और अन्य कार्य संपादन के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है । ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय योजना के लिए इच्छुक आवेदकों की सूची कलेक्टर को देंगे । आवेदन करने के लिए एक निर्धारित प्रारूप दिया गया है, जिसमें फोटो के साथ निवास के साक्ष्य के लिए एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। आवेदक ग्राम पंचायत स्तर में आवेदन कर सकते हैं ।

आवेदन के साथ निवास के साक्ष्य के लिए निर्धारित कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। इनमें राशन कार्ड की प्रतिलिपि, ड्राइविंग लाइसेंस की प्रतिलिपि, विद्युत देयक की प्रतिलिपि, मतदाता पहचान पत्र की प्रतिलिपि, आधार कार्ड की छायाप्रति, राज्य शासन द्वारा स्वीकार्य कोई अन्य साक्ष्य शामिल हैं, जो मान्य होगा । चयनित हितग्राहियों को उनके ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका/नगर निगम से कलेक्टर द्वारा निर्धारित स्थान तक परिवहन सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी, एवं जिले में निर्धारित स्थान पर एकत्रित किया जावेगा। बेमेतरा जिले से पहली यात्रा में 62 लोगों को ले जाया जायेगा । इच्छुक आवेदक ग्राम पंचायत व नगरीय निकाय से आवेदन का प्रारूप प्राप्त कर सकते हैं ।

श्री रामलला दर्शन योजना अंतर्गत 65 वर्ष से अधिक आयु वाले अपने साथ एक सहायक को यात्रा पर ले जा सकते हैं। तीन से पांच व्यक्तियों के समूह को एक सहायक ले जाने की पात्रता होगी, बशर्ते कि समूह का प्रत्येक व्यक्ति 65 वर्ष से अधिक का होना चाहिए । पति-पत्नी के साथ-साथ यात्रा करने पर सहायक को साथ ले जाने की सुविधा नहीं रहेगी बशर्ते उनमें से किसी एक की उम्र 65 वर्ष से कम हो। यदि आवेदक पति-पत्नी में से किसी का नाम चुना जाता है तो उसका जीवन साथी भी यात्रा पर साथ जा सकेगा। आवेदन करते समय ही आवेदक को यह बताना होगा कि जीवन साथी भी उसके साथ यात्रा करने का इच्छुक है। यदि सहायक को यात्रा पर साथ ले जाने की पात्रता है तो सहायक का आवेदन भी आवेदक के साथ ही जमा किया जाएगा। यदि व्यक्तियों के समूह एकसाथ आवेदन करते हैं तो संपूर्ण समूह को एक आवेदन मानते हुए लाटरी में शामिल किया जाएगा। उक्त समूह अधिक से अधिक 10 आवेदकों का हो सकेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए निर्धारित प्रपत्र अनुसार आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया भी तैयार की जा रही है। जिससे प्रत्येक जिले में चयनित यात्रियों, प्रतिक्षा सूची का डाटा बेस तैयार हो सके ।

**यात्रा से पहले होगी स्वास्थ्य जांच**

यात्रा पर रवाना होने के पूर्व प्रत्येक हितग्राहियों का मेडिकल टेस्ट किया जाएगा। अनफिट पाए जाने पर वेटिंग में शामिल व्यक्तियों को भेजा जाएगा। प्रत्येक जिले के जिला प्रशासन की ओर से हितग्राही को निवास स्थान से रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर निर्धारित समय से एक घंटे पूर्व लाया जाएगा। हितग्राहियों को इसके लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। वापसी में यात्रा समाप्ति उपरांत पूर्व निर्धारित स्थल पर छोड़ने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

**लाटरी से यात्रियों का होगा चयन**

यात्रियों के चयन की प्रक्रिया भी निर्धारित की गई है। यात्रा करने के इच्छुक आवेदनकर्ताओं में से प्रथम चरण में 55 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों को प्राथमिकता से चयन किया जाएगा। शेष आवेदकों को क्रमवार आने वाले समय में यात्रा कराई जाएगी। योजना के लिए हितग्राही की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम 75 वर्ष रहेगी। योजना के 25 प्रतिशत हितग्राही शहरी तथा 75 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र के होंगे। यदि निर्धारित कोटे से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं, तो लाटरी से यात्रियों का चयन किया जाएगा। कोटे के 25 प्रतिशत अतिरिक्त व्यक्तियों की प्रतीक्षा सूची भी बनाई जाएगी। चयनित यात्रियों और प्रतीक्षा सूची को कलेक्टर कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। चयन उपरांत यात्रा पर न जाने की स्थिति में अपने स्थान पर अन्य किसी दूसरे व्यक्ति को नहीं भेज सकेगा। कलेक्टर की ओर से चयनित यात्रियों की सूची छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड को भेजी जाएगी। चयनित यात्रियों और प्रतीक्षा सूची को कलेक्टर कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। चयन उपरांत यात्रा पर न जाने की स्थिति में अपने स्थान पर अन्य किसी दूसरे व्यक्ति को नहीं भेज सकेगा। कलेक्टर की ओर से चयनित यात्रियों की सूची छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड को भेजी जाएगी।

# शेष 100 अहाता की निविदा आज खुलेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में शराब दुकानों के परिसर में शेष अहातों की ऑनलाइन नीलामी से मिली निविदा या निविदाओं में से लाइसेंस धारियों का चयन जिलों में कलेक्टर 12 जून को करेंगे। अहातों के मामले को लेकर आबकारी आयुक्त कार्यालय ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि शेष देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अहातों के लिए लाइसेंस का ऑनलाइन पद्धति से निविदा के माध्यम व्यवस्थापन किया जाना है। 31 मई को जिलों में बचे 100 अहाता के लिए द्वतीय निविदा जारी की गई। निविदा कर्ताओं से 9 जून तक ऑनलाइन निविदा मांगी गई थी। प्रदेश में 650 देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अहातों के लिए लाइसेंस का ऑनलाइन व्यवस्थापन करने पहली निविदा में जिन दुकानों को वापस कर दिया गया था, उनकी फिर से निविदा बुलाई गई। राज्य सरकार ने शराब के कारोबार से राजस्व बढ़ाने के लिए अहाता कल्चर लागू कर दिया है, इसके लिए बिडिंग की प्रक्रिया विवादों में रही। पहले बनाई गई नीति को बीच में बदल दिया गया। विभाग द्वारा पहली निविदा में जिन दुकानों के अहातों के लिए प्रथम चयनित निविदादाता के अग्रिम राजस्व जमा करने में असफल रहने पर दूसरे क्रम के निविदादाता को अवसर देने के संभावित विकल्प के स्थान पर दूसरी बार पुनः नवीन निविदा करने का निर्णय लिया गया था। जिले में अहाते के लिए प्रस्तावित दुकानों में से शेष के संबंध में निर्णय आबकारी मुख्यालय द्वारा लिया जा रहा है।

- जिले में शेष दुकानों का निर्णय आबकारी मुख्यालय लेगा

### छत्तीसगढ़ सराफा एकता पैनल ने जारी किया संकल्प पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव के लिए सोमवार को एकता पैनल ने अपना संकल्प पत्र वरिष्ठजनों की मौजूदगी में जारी किया। पैनल के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कमल सोनी (बिलासपुर), महासचिव प्रकाश गोलछा (रायपुर) व हर्षवर्धन जैन (रायपुर) ने कहा, विकास और विस्तार के लिए बदलाव जरूरी है, हम पद और स्वयं की व्यापारिक स्वार्थहित से बहुत दूर केवल और केवल छत्तीसगढ़ सराफा व्यापारियों की निःस्वार्थ सेवा के लिए आगे आए हैं। एकता पैनल के चुनाव संचालक हरख मालू और पवन सोनी ने बताया, संकल्प पत्र में सराफा व्यापारियों द्वारा ही सुझाए गए विषयों को शामिल किया गया है, ताकि किसी शहर विशेष नहीं बल्कि रायगढ़ से राजनांदगांव और बस्तर से अंबिकापुर तक सभी को एक सूत्र में जोड़ सकें। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन हम सबका है। सामूहिक नेतृत्व के साथ हम सबको लेकर पूरी पारदर्शिता के साथ काम करेंगे।

# सरकारी कार्यालयों स्कूल-कॉलेज सहित अन्य स्थानों पर लगाए जाएंगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने सोमवार को समय सीमा की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने जिले में विश्वविद्यालय, कॉलेज, स्कूल सहित अन्य स्थानों पर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि इन जगहों पर ज्यादातर बबूल वृक्ष के पौधे लगे हुए हैं। इनकी कटाई कराकर उनकी जगह बड़े पेड़ों का रोपण किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने स्कूल, कॉलेज एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पानी की सुविधा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

**बारिश से पूर्व नाली-नालों की सफाई कराने दिए निर्देश**

कलेक्टर ने अधिकारियों को बारिश के पूर्व नाली-नालों की साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने आंधी, तूफान की स्थिति में सभी एसडीएम, बिजली विभाग के अधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए कहा है ताकि संबंधित विभाग के अधिकारी को जानकारी उपलब्ध कराया जाए। इससे बिजली संबंधी समस्या का निराकरण तत्काल होगा। इसके अलावा उन्होंने बारिश के सीजन में मौसमी बीमारियों को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि अस्पतालों में दवाओं की उपब्धता सुनिश्चित रखने के साथ डॉक्टरों को अलर्ट रखें। कलेक्टर ने बैठक में जिला स्तरीय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने के भी निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि समय पर बिना सक्षम अनुमति के अनुपस्थिति की स्थिति में संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, एडीएम कीर्तिमान राठौर सभी अनुविभागीय अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**कलेक्टर ने समय सीमा की ली बैठक**



# लेमरू एलिफेंट रिजर्व के लिए तैयार किया जा रहा 20 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अंबिकापुर, कोरबा, सरगुजा, धरमजयगढ़ तथा रायगढ़ में मानव हाथी द्वंद्व रोकने लेमरू प्रोजेक्ट को लेकर केंद्र सरकार की अनुमति मिलने के बाद क्षेत्र को विकसित करने वन विभाग 20 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट तैयार कर रहा है। प्रोजेक्ट के तहत हाथी विचरण क्षेत्र को विकसित किया जाएगा। भोजन तथा पानी की तलाश में हाथी जंगल से बाहर नहीं निकले, इसके लिए वन विभाग के अफसर कार्ययोजना बना रहे हैं। वन अफसरों के मुतबिक चिन्हांकित एरिया में फलदार पौधे लगाने के साथ ही हाथियों को पूरे वर्षभर पीने के लिए पानी मिल सके, इसकी व्यवस्था की जाएगी।

गौरतलब है कि राज्य के ज्यादातर जिले हाथी प्रभावित जिले में शामिल हो गए हैं। राज्य में बहुतायत में ओडिशा तथा झारखंड से हाथी पहुंच रहे हैं। राज्य में सबसे ज्यादा हाथी की संख्या सरगुजा संभाग के साथ बिलासपुर संभाग के कोरबा, रायगढ़ में है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए कोरबा, रायगढ़ तथा सरगुजा वनमंडल के दो हजार किलोमीटर के एरिया को हाथियों के लिए संरक्षित कर लेमरू प्रोजेक्ट का नाम दिया गया है।



**ऐसे करेंगे विकसित**

एपीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ प्रेम कुमाक के मुताबिक एलिफेंट रिजर्व जिन वनमंडलों के क्षेत्र से सटा है, उन वनमंडलों को एलिफेंट रिजर्व को किस तरह से विकसित किया जाए, इसके लिए कार्ययोजना बनाने के लिए कहा गया है। एलिफेंट रिजर्व लेमरू में फलदार पौधा रोपण करने के साथ ही हाथियों के लिए चारागाह का निर्माण किया जाएगा। साथ ही हाथी पानी की तलाश में जंगल से बाहर नहीं निकले, इसके लिए जंगल में पानी के लिए स्थायी व्यवस्था की जाएगी। पानी की स्थायी व्यवस्था करने बड़े तालाब निर्माण करने के साथ ही नहर का निर्माण कर नदियों से जोड़ा जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता आलोक शुक्ला के मुताबिक एलिफेंट रिजर्व को विकसित करने वन विभाग जो भी योजना तैयार कर रहा है, उसके लिए वन अफसरों को ग्रामसभा से सहमति लेकर तथा उनसे विचार कर कार्ययोजना बनाना चाहिए।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

**नो गो एरिया घोषित करने अनुशंसा**

उल्लेखनीय है कि एलिफेंट रिजर्व बनाने जिन क्षेत्रों को चिन्हांकित किया गया है, उन क्षेत्रों में हाथियों के अलावा कई विलुप्त प्रजाती के वन्यजीव पाए जाते हैं, जो इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) की लिस्ट में रेड सूची में हैं। क्षेत्र में वन्यजीवों की बहुलता को देखते हुए वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट आफ इंडिया (डब्लूआईआई) ने हसदेव अरण्य के उत्तरी क्षेत्र को नो गो एरिया घोषित करने अनुशंसा की है। डब्लूआईआई ने चेतावनी दी है कि जिस क्षेत्र को नो गो एरिया के लिए अनुशंसा की गई है, उस क्षेत्र में किसी भी तरह का उत्खनन होने पर हाथी वहां से निकलकर राज्य के अन्य क्षेत्र में फैल जाएंगे, जिस पर काबू पाना संभव नहीं होगा।

**कार्ययोजना बनाकर रिपोर्ट देने कहा है**

एलिफेंट रिजर्व लेमरू को विकसित करने 20 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के वन मंडल अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

- प्रेम कुमार
एपीसीसीएफ, वाइल्ड लाइफ

**कांग्रेस संगठन पर लगे अनियमितता के आरोप, हाईकमान को भी दी जानकारी**

# हार के बाद समीक्षा की मांग, संगठन में फेरबदल की भी सुगबुगाहट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ को मिली करारी हार के बाद कांग्रेस के नेता हार की समीक्षा की मांग उठाने लगे हैं। चुनाव में प्रत्याशी चयन से लेकर अन्य मामलों में पहले भी नाराजगी सामने आई थी। हार के बाद अब वरिष्ठ नेताओं ने कई लोकसभा में बाहर से प्रत्याशी उतारे जाने और स्थानीय लोगों को दरकिनार करने का मुद्दा बना लिया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी में फेरबदल की सुगबुहाट शुरू हो गई है। प्रदेश प्रभारी और कांग्रेस हाईकमान को चुनाव के समय कांग्रेस पदाधिकारियों ने पत्र लिखकर संगठन में अनियमितता सहित कई मामलों से अवगत कराया था। प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में रहते हुए यहां पर विधानसभा चुनाव हारी। अब लोकसभा चुनाव हारने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कामकाज पर भी उंगली उठ रही है। लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन की ओर से कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं को अपने ही प्रत्याशियों पर टिप्पणी किए जाने पर पार्टी से निलंबन और निष्कासन की कार्रवाई की गई थी। कई कांग्रेस नेताओं को नोटिस जारी किया गया, वे पार्टी ही छोड़ कर चले गए। ऐसे में लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता काम करने को तैयार नहीं थे। दूसरे जिलों के कार्यकर्ताओं को ले जाकर चुनाव प्रचार किया गया। स्थानीय लोगों ने वहां पर पार्टी के विरुद्ध कार्य किया जिसके कारण पार्टी को हार का सामना करना पड़ा।



**संगठन में होंगे फेरबदल**

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के ढाई माह पहले ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम को बदलकर दीपक बैज को कमान दी गई। पुरानी कार्यकारिणी के आधार पर उन्होंने पार्टी को आगे बढ़ाने का काम किया पर वे चुनाव हार गए। अब भी कांग्रेस संगठन की पूरी कार्यकारिणी नहीं बन पाई है। वहीं हाल कांग्रेस के अन्य विभागों का है जहां पर खींचतान के चलते लोगों में उत्साह नहीं है। दो चुनाव में करारी हार के बाद प्रदेश कांग्रेस संगठन में ऊर्जावान लोगों को आगे बढ़ाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

**प्रभारी पर लगे आरोप**

विधानसभा चुनाव के दौरान कई विधायकों की टिकट कटने के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी और प्रभारी सचिव पर खुलकर आरोप लगाए गए। इस आरोपों के चलते कई लोगों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। इन सभी ने पार्टी से किनारा कर लिया। कुछ लोगों ने अपने आरोप वापस लेते हुए माफी मांगकर लोकसभा चुनाव के समय अपने निष्कासन को वापस करा लिया। आरोपों के चलते नए प्रभारी सचिन पायलट बनाए गए पर वे पार्टी में जोश भरने में असफल रहे। चुनाव के बाद अब कांग्रेस को गति देने में असफल रहे।

# बलौदाबाजार हिंसा भाजपा सरकार की नाकामी : महंत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने बलौदा बाजार हिंसा को सरकार की नाकामी और प्रदेश की लचर क़ानून व्यवस्था का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा, प्रदेश की राजधानी रायपुर से लगे जिले में यह घटना चिंताजनक है। धर्म स्थली अमर टापू की घटना निंदनीय है। घटना से नाराज़ लोग न्याय की मांग को लेकर धरने पर थे। राज्य शासन-प्रशासन ने अगर समय पर आवश्यक कदम उठाए होते, तो आज नाराज़गी को इस हद तक जाने से रोका जा सकता था। सरकार सतनाम समाज की मांग अनुसार इस पूरी घटना की जांच कराये। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मैं समाज के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। सतनाम समाज बाबा घासीदास के बताए शांति और सद्भाव के रास्ते पर चलने वाला समाज है।

- घटना प्रदेश की लचर क़ानून व्यवस्था का प्रमाण : डॉ महंत

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 12 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही, लोगों के जीवन पर पड़ ....

10 राशन घोटाले की घोषणा के बाद सक्रिय हुआ खाद्य ...


Pragati College
Central Avenue, Choubey Colony, Raipur (C.G.)
Ph. : +91-771-2255911/22, Fax : +91-771-2255933
ADMISSIONS OPEN
STRONG CAREERS RISE FROM A STRONG INSTITUTION
Commerce > B.Com, M.Com. 9294603003
Computers > B.C.A., B.Sc. (C.S.), P.G.D.C.A. 9294603013
Communication > B.A.(J.M.C.), P.G.D.J. 9294603033
Education > D.El.Ed., B.Ed., M.Ed. 9294603025
Management > B.B.A. 9294603003
info@pragaticollege.com www.pragaticollege.com

# दो साल में भी नहीं बना आत्मानंद स्कूल भवन, इस सत्र भी संचालन की संभावना नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

शहर में बना रहे आत्मानंद स्कूल में निर्माण कार्य की कछुआ चाल के कारण इस शिक्षा सत्र से भी वहां कक्षा संचालन की संभावना नजर नहीं आ रही है। वहीं, निर्माण के दौरान गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। लेकिन, समय और गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखे जाने के बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर भी तरह-तरह के सवाल उठने लगे हैं।

बता दें के करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले इस भवन के सामने कोई भी सूचना पटल नहीं होने से लोगों को निर्माण कार्य के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाती। विगत 2 वर्षों से जारी निर्माण कार्य की एजेंसी के बारे में भी लोग नहीं जानते। विभाग का इंजीनियर कौन है, कब आता है, यह सिर्फ ठेकेदार को ही जानकारी होती है। निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों ने बताया कि सप्ताह भर पहले राहुल नाम का इंजीनियर निर्माण कार्य देखने आया था।

एक बार निरीक्षण करने आते हैं। निर्माण कार्य में कोई सूचना पटल नहीं होने से लोगों को कार्य के निर्माण राशि व कार्य अवधि के बारे में कोई जानकारी नहीं हो पाती। बताया जाता है कि निर्माण कार्य की एजेंसी मंडी बोर्ड है, जिसका कोई भी अफसर मुख्यालय में नहीं रहता।

## निर्माण एजेंसी की कछुआ चाल ने बढ़ाई शाला प्रबंधन की समस्या

### मंडी बोर्ड द्वारा कराए जा रहे कई कार्य

इस एजेंसी के माध्यम से होने वाले निर्माण कार्य के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं होती विडंबना इस बात की है कि अंचल में कई करोड़ के निर्माण कार्य इसी एजेंसी के द्वारा कराए जा रहे हैं। लेकिन, इसका कोई भी कर्मचारी मुख्यालय में निवास नहीं करता। इस विभाग के बारे में लोगों को ज्यादा जानकारी नहीं है। महज ठेकेदार के अलावा इसी विभाग को कोई नहीं जानता। ऐसे निर्माण कार्य को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।



### विधायक ने ली थी अधिकारियों की बैठक

विदित हो कि नई सरकार की गठन के बाद विधायक द्वारा ली गई अधिकारियों की बैठक में भी लोगों ने इस विभाग पर जमकर आक्रोश जताया था। उसके बावजूद निर्माण कार्य में कोई सुधार नहीं आया

जांच : हरिभूमि में प्रकाशित खबर पर कलेक्टर ने लिया संज्ञान, दिए निर्देश

# अधिकारियों की टीम करेगी ग्राम बोरिया में संचालित फैक्ट्री की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कलेक्टर ने लिया मामले में संज्ञान, बेरला के अफसरों को दिया त्वरित जांच का आदेश

बेरला जनपद के ग्राम बोरिया में संचालित विष्णु कैमिकल फैक्टरी की संदिग्ध कार्यप्रणाली के विषय को लेकर 11 जून को हरिभूमि ने बेमेतरा संस्करण में समाचार का प्रकाशन कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। इस पर ज़िला कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संज्ञान लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ज़िला मुख्यालय में आयोजित समय सीमा (टीएल) बैठक में बेरला क्षेत्र के विभागीय अधिकारियों को इस गम्भीर मामले में तत्काल निरीक्षण कर जांच तैयार कर रिपोर्ट सौंपने की बात कही । इस पर जानकारी के अनुसार इस घटनाक्रम में कलेक्टर के निर्देश पर जल्द ही बेरला एसडीएम पिंकी मनहर की अगुवाई में अफसरों की टीम फैक्ट्री के अंदर सभी जगहों का निरीक्षण करेगी। इसके साथ ही सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न व्यवस्था एवं कार्यस्वरूप की विस्तृत जानकारी ली जाएगी। उल्लेखनीय है कि बेरला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बोरिया पंचायत क्षेत्र में दशकों से एक कैमिकल फैक्ट्री संचालित है, लेकिन इसके सम्बन्ध में गाँव के आमलोगों सहित क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व अफसरों तक को इसकी कोई खैर-खबर नहीं है। चूंकि इस फैक्ट्री का मामला सुरक्षा से सम्बन्धित है, तो यह स्वयं ही बहुत गम्भीर व सम्वेदनशील हो जाता है।बताया जाता है कि इस फैक्टरी में विगत दशकों से विभिन्न मापदण्डों को दरकिनार कर संदिग्ध गतिविधियों के साथ निरन्तर कार्य किया जा रहा है।

फिर भी क्षेत्र से जुड़े किसी भी जिम्मेदार पक्ष को कोई सरोकार नहीं है। जबकि हाल के दिनो में बेरला के पिरदा-बोरसी में बारूद विस्फोट की घटना घटित हो चुकी है, इसके बावजूद स्थानीय सरपँच-सचिव से लेकर जनप्रतिनिधि व ऑफिसर सबक नही ले रहे है जो भविष्य में एक छोटी सी सुरक्षा सम्बन्धित लापरवाही किसी गम्भीर हादसे की वजह बन सकता है। जानकारों के अनुसार कैमिकल फैक्टरी में विभिन्न मानक मापदण्डों व सुरक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ किए जाने की बात सामने जहां आ रही वही फैक्ट्री के दरवाजे मज़दूरों के आने-जाने के बाद हमेशा ताले से बंद रहते हैं। वहीं, यहां आसपास के गाँवों से श्रमिक नहीं हैं, बल्कि अन्य जिलों से मज़दूर लाकर काम कराया जाता है।

## जांच के बाद टीम कलेक्टर को सौंपेगी जांच रिपोर्ट

### तीन-चार स्तर की सुरक्षा व्यवस्था

खबर का असर




बताया जाता है कि फैक्ट्री के घेराबंदी में तीन-चार स्तर की व्यवस्था है जिसमे सड़क किनारे पहले तार से एवं दूसरा पेड़ों के सहारे एवं तीसरा फिर मिट्टी के ढेलों व पेड़ो के द्वारा एवं अंतिम तालाब के पार जैसे ऊंचे टीले बनाकर विशेष पदार्थ एवं सम्बन्धित कार्य आमजनों से छिपाया जाता है ।

इसके अलावा पंचायत के जनप्रतिनिधियों का कहना है बोरिया सहित अन्य गाँव मे से किसी भी व्यक्ति वहां के अंदर जाने की अनुमति नही है और न ही कोई अभी तक गया है ओर ना ही फैक्ट्री प्रबंधन शासन के मापदंडों अनुसार अब तक गाँव मे ना तो विकास के कार्य के लिए राशि दी गई ओर ना ही कोई कार्य किया गया है। लिहाजा विभिन्न मापदण्ड व सुरक्षा कारणों को लेकर बेरला क्षेत्र का बोरिया गाँव स्थित यह कैमिकल फैक्ट्री सुर्खियों में है। इस पर आगामी दिनों में प्रशासन को निरीक्षण व जांच कर अपना रुख व पक्ष स्पष्ट करना पड़ेगा। क्योंकि संदिग्ध गतिविधियों से गाँव में फैक्टरी के संचालन से पिरदा ब्लास्ट कांड के कारण गम्भीर चिंता बढ़ने लगी है।

# सामूहिक श्रमदान से की जाएगी नालियों व सोकपिट की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ जिले में 15 से 24 जून तक चलाया जाएगा सफाई अभियान

शासन के निदेशानुसार पूरे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सामुहिक श्रमदान से 1000 नाली की सफाई, 10000 सामुदायिक सोकपिट की सफाई व 10000 नवीन व्यक्तिगत सोकपिट का निर्माण अभियान 15 से 24 जून तक 10 दिवस तक चलाया जायेगा।

इसके तहत कलेक्टर बेमेतरा रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा टेकचंद अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में 15 जून से 24 जून तक सामुहिक श्रमदान से नाली की सफाई, सामुदायिक सोकपिट की सफाई व नवीन व्यक्तिगत सोकपिट का निर्माण अभियान 15 जून से 24 जून तक 10 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने इस अभियान में जिलेवासियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने व श्रमदान कर अपने गांव मुहल्लों, नालियों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थानों की सफाई करने की अपिल किए है। उन्होंने जिलेवासियों से अपरल करते हुए बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत तरल अपशिष्ट प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण घटक है। ग्रामीण क्षेत्र में व्यक्तिगत सोकपिट निर्माण के माध्यम से तरल अपशिष्ट का घरेलू स्तर पर ही उचित प्रबंधन किया जा सकता है। सोकपिट एक अत्यंत प्रभावी व सरल तकनीक है। इसका निर्माण भी अत्यंत सरल है।

### सीईओ जिला पंचायत ने जारी किया आदेश

सीईओ जिला पंचायत ने एक आदेश जारी कर संबंधित अमलों को इस अभियान को सफलता पूर्वक संचालन करने हेतु निर्देशित किए हैं। इस अभियान के दौरान ग्रामीणों को सोकपिट के महत्व से अवगत कराया जायेगा व अपशिष्ट जल के उचित निपटान हेतु प्रेरित किया जायेगा। मानसून के पूर्व पूरे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सामुहिक श्रमदान से नाली की सफाई, सामुदायिक सोकपिट की सफाई व नवीन व्यक्तिगत सोकपिट का निर्माण किया जायेगा।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में स्वैच्छिक लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



मंगलवार को जीवन एक मुस्कान अनेक सेवा संस्था द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान 10 यूनिट रक्त का दान दानदाताओं द्वारा किया गया। यह रक्तदान शिविर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ एस. आर. चुरेंद्र के निर्देश में रखा गया। संस्था प्रभारी भारत कुमार सेन, राकेश देवांगन, पीएचसी प्रभारी डॉ चिंताराम साहू, मेडिकल स्टाफ सभी सदस्य उपस्थित रहे। जीवन एक मुस्कान अनेक सेवा संस्था कुसमी बेमेतरा द्वारा एक पौधा जिला अस्पताल बेमेतरा को भेट किया गया । चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रतीक शर्मा, भूपेंद्र कुर्रे एम. एल. टी., विष्णु पटेल एम. एल. टी., कुलेश्वरी साहू ब्लड काउंसलर, ऋषि जांगड़े वार्ड बॉय , कृष्ण कुमार वर्मा वाहन चालक, ने रक्तदान शिविर में सेवा प्रदान की। रक्तदाता बउवा राम यादव, टोपेन्द्र वर्मा , हेम सिंह वर्मा, लक्ष्मण देवांगन, दुर्गेश साहू, धीरज वर्मा, राधे श्याम साहू, मोतीलाल देवांगन, खेमलाल वर्मा को प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया ।

# ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**बेमेतरा।** ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड ने जिला के स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। पीएचसी चंदूनु, संबलपुर, टेमरी एवं सीएचसी मारो का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम तहत स्वास्थ्य केंद्र में दी जाने वाली सुविधा, स्टाफ की समय पर उपस्थिति, आवश्यक दवाई, उपकरण की उपलब्धता, सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।



# राष्ट्रीय शिक्षा नीति व बालवाड़ी की नई मॉड्यूल के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में हुई कार्यशाला



स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व बालवाड़ी की नई मॉड्यूल पर प्रशिक्षण व चर्चा हेतु मुख्य प्रशिक्षक के रुप में शास. पूर्व माध्यमिक शाला मटका की शिक्षिका ज्योति बनाफ को आमंत्रित किया गया था। बालवाड़ी प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल आधारित शिक्षण एवं एफएलएन के उद्देश्यों को पूर्ण करना है। साथ ही उचित देख-भाल पोषण के साथ शिक्षा से जोड़ना हैं और प्राथमिक शाला में प्रवेश के लिए तैयार करना है। नवीन सत्र 2024-25 की तैयारी में जुटे प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी विषयों पर नए टी.एल.एम. तथा खेल-खेल में पाठन कार्य हेतु नई पाठ्य योजनाएँ बनाई। विकास के आयामों संज्ञानात्मक विकास, आकृतियों की पहचान, ईएलपीएस 20 गणितीय कौशल विकास शारीरिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास के बारे में बताए। बच्चों को उनके स्तर व गति के अनुरुप सीखने के अवसर उपलब्ध कराने के टिप्स दिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बुनियादी कौशल विकास पर जोर दिया गया है। संस्था प्रमुख ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को आगामी सत्र में नई शिक्षा नीति के साथ-साथ नई तकनीक का प्रयोग कर अपने पाठन कौशल को सुदृढ़ करने हेतु प्रेरित किया।

आचार संहिता समाप्त होने के बाद फिर शुरू हुआ जनदर्शन

# समस्याओं व मांगों को लेकर नागरिकों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ पहले दिन 24 लोगों कलेक्टर को बताई समस्या,

नागरिकों के समस्याओं, मांग आदि से जुड़े कलेक्टर जनदर्शन लोकसभा निर्वाचन के दौरान स्थगित किया गया था, जिसे मतगणना व आचार संहिता समाप्ति के बाद पुनः मंगलवार को समय सीमा की बैठक उपरांत प्रारंभ हो गया है।

कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति मे मंगलवार क़ो समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष मे जनदर्शन आयोजित की गई। जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 24 आवेदन प्राप्त हुए ।

जिले के नागरिकों के जनदर्शन में मांग शिकायत सुनकर निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर पहुंचे। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया गया। आज के जनदर्शन में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए।



### सामूहिक हित के साथ व्यक्तिगत समस्या लेकर भी पहुंचे लोग

इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुँचे लोगों में से तहसील थानखम्हरिया ग्राम बनरांका निवासी बद्रीराम कश्यप ने भूमि त्रुटि सुधार के संबंध में आवेदन दिया। विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम मुंगेली निवासी जामबाई ने महतारी वंदन योजना एवं निराश्रित योजना से राशि दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। बेरला तहसील के ग्राम बारगांव निवासी दयाराम साहू ने बिजली पोल लगवाने के संबंध मे आवेदन दिया। बेरला तहसील के ग्राम सुरूजपुरा के समस्त ग्रामवासियों ने पानी निकासी अवरुद्ध होने के संबंध मे आवेदन दिया। तहसील बेरला के ग्राम दमई के समस्त ग्रामवासी ने दमई ग्राम से सण्डी ग्राम पहुंच मार्ग के संबंध मे आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## पत्थर से टकराई अनियंत्रित बाइक, चालक की मौत

**डौंडीलोहारा।** मंगलवार सुबह सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह सहगांव निवासी डोमेन्द्र पिस्दा पिता उदय राम पिस्दा उम्र 48 वर्ष अपनी बाइक से लोहारा से अपने गृहग्राम सहगांव जा रहा था। इस बीच लगभग 11:30 बजे एकलव्य कालेज के सामने उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे पत्थर से टकरा गई। घायल बाइक सवार डोमेंद्र को संजीवनी 108 से सीएचसी डौंडीलोहारा पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। टीआई एलपी जायसवाल ने बताया कि मृतक मूलतः ग्राम सहगांव का निवासी था, जो किसी बोरवेल वाहन में कार्य करता था।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**बालोद।** उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत एवं 13 जुलाई को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के संबंध में पैरालिगल वालिटियर्स की बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा पचौरी के मार्गदर्शन में श्वेता उपाध्याय गौर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सचिव ने उच्चतम न्यायालय में आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत एवं आगामी आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक से प्रचार–प्रसार करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।

### निकुम में फरवरी में होगी शिव महापुराण कथा

**बालोद/निकुम।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम निकुम में आगामी फरवरी 2025 में शिव महापुराण कथा आयोजन किया जाएगा। क्षेत्र के युवा जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने बताया कि सिहोर के प्रसिध्द राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा शिवमहापुराण सुनाएंगे। श्री देशमुख ने बताया कि ग्राम निकुम में शिवमहापुराण आगामी वर्ष फरवरी 2025 में प्रस्तावित है। महिला समूह सहित अंचल के गांवों के ग्रामीण आपस में मिलकर शिवमहापुराण की कथा कराएंगे। श्री देशमुख ने बताया कि उक्त कार्यक्रम की तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है।

### नो पार्किंग में खड़े 16 वाहनों पर कार्रवाई

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने भियान चलाकर नो पार्किंग में खडे बारी वाहनों पर कार्रवाई किया है। डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि हाईवे पेट्रोलिंग ने नेशनल हाईवे, केनाल रोड में खडी भारी वाहन सड़क एवं आम रास्तो को बाधा उत्पन्न करती है। ऐसे वाहनो पर कार्रवाई किया है। 16 चालकों को खिलाफ मोटर एक्ट व्हीकल के तहत कार्रवाई किया है।

### कर्मी ने लगाई फांसी

**भिलाई।** बीएसपी कर्मी नने बाथरुम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-7 निवासी टोमन देशमुख सोमवार की सुबह नहाने के लिए बाथरूम गए थे। जहां पर फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। खबर लगने पर परिजनों ने बाथरुम का दरवाजा तोड़कर उन्हें सेक्टर-9 अस्पताल उपचार के लिए लेकर गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक ड्यूटी ज्वाइनिंग करनी थी,लेकिन अचानक आत्मघाती कदम ले परिजन भी हैरान है।

### पाइप चोरी

**भिलाई।** अज्ञात चोर ने वेट मशीन व पाइप को चोरी कर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि सुपरवाइजर ग्राम शिवपुरी जामुल अनिता साहू ने शिकायत किया है कि वार्ड 17 में उनका मणिकंचन केन्द्र 2 है।

खबर संक्षेप



## तोखन को मंत्री बनाए जाने पर विधायक दीपेश ने दी बधाई

**बेमेतरा।** बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने बिलासपुर क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद तोखन साहू से मुलाकात कर उन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दिल्ली के छत्तीसगढ़ भवन पहुंचकर गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी। विधायक श्री साहू ने तोखन साहू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाये जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जो अपने सामान्य कार्यकर्ताओं को फर्श से अर्श तक ले जाती है। उन्होंने कहा कि श्री साहू को मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व देकर पीएम मोदी ने न केवल छत्तीसगढ़ के प्रति अपने आत्मीय लगाव का परिचय दिया, बल्कि एक किसान पुत्र को मंत्री बनाकर छत्तीसगढ़ की कोटि कोटि जनताओं की भावनाओं का सम्मान किया ।

## अधीक्षक के लिए 13 को होगा सत्यापन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में संचालित आईटीआई में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर भर्ती होनी है। इसके लिए अभ्यर्थियों का छठवें चरण का दस्तावेज सत्यापन 13 जून को सुबह साढ़े 9 बजे से विधानसभा रोड सड्डू रायपुर स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन के लिए अभ्यर्थियों को एसएमएस और सोसल मीडिया के माध्यम से सूचना भेजी जा रही है। कट ऑफ मार्क्स संचालनालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। रिक्त पदों के विरुद्ध 03 गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया है। वेबसाइट जानकारी अपलोड की गई है। सत्यापन के बाद 14 जून को दावा आपत्ति की जा सकती है।

## धारदार हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार के साथ लोगों को डराने धमकाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कर्मा भवन सुपेला के पास आरोपी थानू यादव और अर्जुन नेताम लोगों को डरा धमका रहे थे। सूचना पर पुलिस ने स्कूल सुपेला के पास से दोनों को पकड़ लिया। आरोपी से पुलिस ने लोहे का धारदार हथियार चापड़ जब्त किया है।

## रुपए नहीं मिलने पर सास ससुर की जमकर पिटाई

**भिलाई।** पत्नी से शराब पीने के लिए रुपए मांगा नहीं देने पर पत्नी, सास, ससुर पर हमला करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक न्यू खुर्सीपार निवासी अंजू यादव का विवाग वीरेंद्र के साथ 7 वर्ष पहले शादी हुई थी। शादी के बाद से पति वीरेन्द्र शराब पीने के लिए लगातार रुपए का डिमांड करता रहा। कुछ ही दिन पहले भैंसबोड सेलूद में अपने ससुराल से वह बच्चों के साथ खुर्सीपार मायके परेशान होकर आ आई। मायके आते समय पति भी वीरेन्द्र भी साथ आ गया। सोमवार की सुबह वीरेन्द्र शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड करने लगा। र

लापरवाही

अस्पताल के पास बायो मेडिकल वेस्ट का ढेर, संक्रमण का बढ़ा खतरा

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही लोगों के जीवन पर पड़ न जाए भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर देवरबीजा के शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में इन दिनों स्वास्थ्य को लेकर प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। आरोग्य केंद्र के बाहर चन्द कदमों की दूरी पर अस्पताल के जैविक चिकित्सा अपशिष्ट (बायो मेडिकल वेस्ट) के कूड़े-कचरे का काफी बड़ा ढेर लगा हुआ है, जो पर्यावरण सहित आमजनों के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद खतरनाक माना जाता है। वहीं, अस्पताल प्रबंधन एवं जिम्मेदार स्वास्थ्य अमले द्वारा खुलेआम पड़े जहरीले कचरे पर न कोई एक्शन लिया जा रहा है और न ही इस क्रियाकलाप पर पाबंदी लगाई जा रही है। इससे दिनों दिन बढ़ते हुए जैविक चिकित्सा अपशिष्ट से संक्रमण फैलने की आशंका बढ़ गयी है। स्वास्थ्य केंद्र ही बीमारी फैलाने का कार्य करेगी तो आम जनता कैसे जागरूक होगी । एक ओर जिला प्रशासन स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चला रहा है और वहीं उन्हीं का एक विभाग स्वच्छता को लेकर खिलवाड़ कर रहा है ।

गौरतलब हो कि शासन-प्रशासन द्वारा मेडिकल व स्वास्थ्य सम्बन्धित सेवा कार्य से सम्बद्ध निजी व शासकीय संस्थानों को सफाई व स्वच्छता को लेकर सख्त गाइडलाइन व दिशानिर्देश जारी है। लेकिन उसी के कागजी आदेशों की अवहेलना करते हुए देवरबीजा सहित जिले के अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में खुलेआम संक्रमण को दावत देकर आमजनो की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। बताया जाता है कि अस्पतालों व अन्य चिकित्सकीय गतिविधियों के दौरान निकले कचरे को खुले स्थान पर फेंकने पर सख्त प्रतिबन्धित है।वही संक्रमण व बीमारियों की आशंका को देखते हुये इंसीनरेटर के माध्यम से नष्ट व निस्तारण की जवाबदारी संस्था प्रबन्धन एवं बायो वेस्ट एजेंसी पर होती है। वही इस दरम्यान एक बड़ी लापरवाही देखी जा रही है कि ज़िले के अधिकांश नगरीय व अन्य इलाकों में जैव चिकित्सकीय कचरे को लापरवाहीपूर्वक नगरीय निकाय की संचालित डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में सामान्य कचरो के साथ खुला फेंक दिया जाता है जिसमे बड़ी लापरवाही स्थानीय प्रशासन की है, इसका उचित बन्दोबस्त हेतु स्वास्थ्य विभाग को जागरूकता अभियान भी चलाया जाना चाहिये।





**पांच साल की सजा व पांच लाख रूपए तक के जुर्माने का प्रावधान**

दरअसल जिलेभर के सभी शासकीय एवं निजी हॉस्पिटल व पैथोलॉजी लैब से निकलने वाले जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबन्धन नियम 2016 का पालन करना अनिवार्य है।जिसके तहत इन सभी अस्पतालों, नर्सिंग होम्स, और क्लिनिक से निकलने वाले बायो वेस्ट जैसे मानवीय व पशु उत्तक अंग, पट्टी-प्लास्टर, रक्त की थैलियाँ, सीरिंज-सुई व ब्लेड, रसायनिक अपशिष्ट, दवाइयों की शीशियां, कांच के डिब्बे इत्यादि का उचित निबटारा करना नियमतः जरूरी है।

### बायो मेडिकल वेस्ट व पर्यावरण संरक्षण का प्रमाण पत्र आवश्यक

जानकारी के मुताबिक बेमेतरा ज़िले में फिलहाल सैकड़ों की तादाद में शासकीय एवं निजी चिकित्सालय व दर्जनभर से ज्यादा पैथोलॉजी लैब व अन्य बड़ी संख्या में क्लिनिक व नर्सिंग होम्स संचालित हैं। जिसमें शासन के निर्देशानुसार निजी अस्पताल, नर्सिंग होम्स व लैब को बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल का प्रमाण पत्र रखना अनिवार्य है।जिसके बाद ही चिकित्सकीय कार्य की अनुमति स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाती है। किंतु जिम्मेदार अफसरों की लापरवाही व मिलीभगत से बिना प्रमाण पत्रों के भी निजी रूप से चिकित्सकीय कार्य किये जा रहे है, जो बड़ा गम्भीर है।

### सिलतरा की ट्रीटमेंट एजेंसी दे रही जिले में निरन्तर सेवा

फिलहाल बेमेतरा ज़िले में बायो मेडिकल अपशिष्ट के निपटारे व प्रबन्धन के लिए बकायदा शासन द्वारा अनुबंधित रायपुर शहर की सिलतरा स्थित मेसर्स वाटरग्रेस एनवायरोप्रोटेक्ट प्राइवेट लिमिटेड की एजेंसी के जवाबदेही में ट्रीटमेंट फैसिलिटी सेवा दी जा रही है। इसमें हर दो दिनों में बेमेतरा ज़िले से बायो मेडिकल कचरे को एकत्रित कर वैज्ञानिक तरीके इसका निस्तारण किया जाता है।

### गम्भीर बीमारियों के संक्रमण की आशंका

चूंकि ज्ञात हो कि बायो मेडिकल कचरा स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए काफी हानिकारक है, अतः इसका उचित निपटारा जरूरी है। ऐसे कचरे से ना केवल जमीन की मिट्टी, जल और वायु प्रदूषित होते है बल्कि महामारी, विभिन्न प्रकार के संक्रमण एचआईव्ही, हिपेटाइटिस जैसी बीमारियों का खतरा रहता है।

### वेस्ट को डिस्पोज न करने पर कड़े प्रावधान

फिलहाल इन बायो मेडिकल वेस्ट को तीन हिस्सों में बांटा जाता है। जिसमें खराब रक्त, मानव अंग जैसी चीजों को लाल डिब्बे में रखा जाता है।वही रुई, इंजेक्शन और बेकार दवाइयों को पीले डिब्बे में रखा जाता है।जबकि बाकी बची हुई चीजों को हरे डिब्बे में रख दिया जाता है। फिर इन सभी बॉक्स को किसी के संपर्क व पहुंच से दूर ऐसी जगह ले एकत्रित करके मेडिकल वेस्ट एजेंसी के वाहनों का इंतजार किया जाता है जिसके पश्चात इन सभी चिकित्सकीय कचरे को अस्पताल में मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल का जिम्मा संभालने वाली एजेंसी के कर्मचारी गाडिय़ों में सुरक्षित तरीके से भरकर प्लांट ले जाया जाता हैं।फिर वहां नियमानुसार इंसीनेटर के माध्यम से नष्ट कर दिया जाता है।यदि ऐसे उचित क्रियान्वयन कर अपशिष्टों का निस्तारण न करने पर अस्पतालों, लैबों, नर्सिंग होम्स, क्लीनिकों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही के रूप में पांच साल की सजा व पांच लाख रूपए तक के जुर्माने का प्रावधान है।

## समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें स्वीकृत आवासों का निर्माण : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय के दिशा-सभाकक्ष में सप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली । कलेक्टर ने बैठक में बेमेतरा ज़िले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रधानमंत्री आवास योजना के विभिन्न चरणों की विस्तृत समीक्षा की उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और किसी भी प्रकार की कमी होने पर तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए । उन्होंने समय सीमा में सभी आवास बनाने को कहा ताकि जो पात्र हितग्राही हैं उन्हें योजना का लाभ मिल सके ।

इसके साथ ही उन्होंने महतारी वंदन योजना का महिला हितग्राहियों को लाभ देने के जिले में भराये जाने वाले आवेदन की स्थिति की जानकारी ली। संबंधित अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मैदानी अमलों के माध्यम से घर-घर सर्वे कर ऑफलाइन आवेदन भरवा रहे हैं साथ ही सभी आवेदनों का ऑनलाइन पंजीयन भी किया जा रहा है । इस पर कलेक्टर ने फ़र्ज़ीवाड़ा कर आवेदन भरने वालों पर जाँच करने और कार्रवाई करने के निर्देश दिए । उसके बाद श्री शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग से जिला अस्पताल में मरीजों के लिए आवश्यक दवा की उपलब्धता की जानकारी ली। इसके साथ ही सीएमएचओ को स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल में रात के समय डॉक्टर को उपलब्ध रहने को कहा ताकि इमरजेंसी परिस्थिति में नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें । जिलाधीश ने जिले में डेंगू और चिकनगुनिया के रोकथाम के लिए जिले में चलाये जा रहे टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली तथा स्नेक बाइट की वैक्सीन सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध कराने को कहा । कलेक्टर ने राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग द्वारा अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फौती, राशन कार्ड निर्माण के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें । कलेक्टर ने सीमांकन, डायवर्सन, अविवादित, विवादित नामांतरण, बंटवारा, भूमि आवंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पटवारी की उपलब्धता और अभिलेख दुरुस्तीकरण, भू- राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों का मुआवजा भुगतान की स्थिति आदि की विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## पीईटी व पीपीएचटी की प्रवेश परीक्षा कल

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 13 जून को पी.ई.टी. एवं पी.पी.एच.टी. की प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। प्रथम पाली में प्रातः 09 बजे से 12:15 बजे तक पी.ई.टी. एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 02 बजे से 05:15 बजे तक पी.पी.एच.टी. भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में बेमेतरा जिला अंतर्गत कुल 1553 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उक्त परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए जिला बेमेतरा अंतर्गत कुल 3 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा, लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा और शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा शामिल हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से रखना होगा। व्यापमं से प्राप्त निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में मोबाईल, कैल्कुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि पर पूर्ण प्रतिबंध होगा।

परीक्षा के दौरान असामाजिक तत्वों एवं नकल आदि को रोकने के लिए सक्षम अधिकारियों के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्री पहुंचाने व परीक्षा पश्चात पुनः सुरक्षित जमा करने हेतु पर्यवेक्षक की नियुक्ति करते हुए पर्याप्त मात्रा में परीक्षा केन्द्रवार पुलिस बल की व्यवस्था भी की गई है।

## स्वच्छता, पौधारोपण व जल संरक्षण के लिए लोगों को दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ जिले में स्वच्छ हरित गांव मिशन के तहत चलाई जा रही विविध गतिविधियां



कलेक्टर रणवीर शर्मा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल के मार्गदर्शन में बेमेतरा जिले में स्वच्छ हरित गांव सप्ताह का आयोजन 5 से 12 जून तक विकासखंड के प्रत्येक गांव एवं ग्राम पंचायत में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत में स्वच्छता बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित करने के साथ-साथ ग्रामीणों की सहभागिता से सामुदायिक स्थलों की साफ सफाई की गतिविधि प्रमुख रूप से की जा रही है। वर्तमान में गर्मी को देखते हुए कलेक्टर श्री शर्मा द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में पर्याप्त संख्या में पौधारोपण के लिए निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में अमृत सरोवरों एवं सामुदायिक जगह में वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। लोगों को वर्षा जल को सुरक्षित करने के लिए अधिक से अधिक प्रयास करने के लिए जागरूकता लाने के लिए सभी ग्रामीणों को स्वच्छ हरित सप्ताह में मुख्य रूप से स्वच्छता, पौधारोपण एवं जल संरक्षण की उपयोगिता के विषय में विस्तृत जानकारी दी जा रही है साथ हु सोख्ता गड्ढा, रिचार्ज पीट, तालाब निर्माण, डबरी निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षा जल को सुरक्षित करने हेतु अधिक से अधिक प्रयास किए जाने हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है । इसी क्रम में जनपद पंचायत साजा मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश मेश्राम द्वारा अधिक से अधिक रिचार्ज पीठ के निर्माण एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षा जल को अधिक से अधिक भूजल के रूप में परिवर्तित करने हेतु प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## बच्चों ने बनाई चटकदार रंगोली, साजा में चऊक पूरने की परंपरा की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा



भारत के विभिन्न प्रदेशों में प्रचलित अभिव्यक्त रेखाओं यानी कि मांगलिक कार्यों, जन्म से लेकर मृत्यु तक के विभिन्न संस्कारों, लोक पर्वों, लोक अनुष्ठानों, मांगलिक कार्यों के समय बनाए जाने वाले चऊक पूरना परंपरा से परिचित कराने के लिए हनुमान मंदिर परिसर साजा में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया। इस दौरान रंगोलियों के नमूनों की सैद्धांतिक जानकारी देते हुए प्रायोगिक अभ्यास कराया गया। सहभागी बच्चों राघव, सिद्धि, अवनी, अविका, विभा, कुहू आदि को प्रारंभ में शिक्षक व संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा ने छत्तीसगढ़ की चऊक पुरना यानी छीता चऊक, गुरुवारीय चऊक, मांगलिक चऊक, बिहई चऊक के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही महिलाओं द्वारा चऊक पूरने की परंपरा से परिचित कराया गया। इसके साथ ही चटकदार रंगों से रंगोली बनाने का प्रायोगिक अभ्यास कराया गया। इसमें कला गुरु वीणा वर्मा, पूर्णिमा वर्मा ने बच्चों का मार्गदर्शन किया, ताकि इस समृद्ध परंपरा को बच्चों में हस्तांतरित किया जा सके। इस प्रयास के लिए समाज सेवी राजेंद्र प्रसाद वर्मा, शोधार्थी डॉ.सियाराम साहू, डॉ.धर्मेंद्र वर्मा सहित पालकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। राष्ट्रीय जनजातीय शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने बताया कि इन बच्चों को सांस्कृतिक स्त्रोत्र एवं प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली की राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना से जोड़ा जाएगा।

पुटपुरा जोन में शुरू हुई एफएलएन प्रशिक्षण कार्यशाला

# डिकोडिंग का अर्थ लिखित सामग्री को देखकर ध्वनि रूप में उच्चारित करना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत पुटपुरा जोन से की गई। इसमें संकुल मुरता, चक्रवाय, मोहतरा, मेहना, गोढ़किला, खेड़ा, मारो, घुरसेना, पुटपुरा के कुल 64 शिक्षक साथी एवं मास्टर ट्रेनर जितेंद्र सिंह चौहान संकुल समन्वयक कुरा, रामप्रसाद साहू प्राथमिक शाला एरमसाही, भागीरथी वर्मा संकुल समन्वयक गाड़ामोर, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से जौबन की उपस्थिति में एफएलएन कार्यशाला की शुरुआत हुई।

प्रथम दिवस मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ एवं सरस्वती वंदना पुटपुरा हाई स्कूल प्राचार्य वर्मा द्वारा प्रस्तुति से हुई। मास्टर ट्रेनर भागीरथी वर्मा ने एनसीएफ 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा फाउंडेशनल स्टेज 2022 पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 3-18 वर्ष आयु वाले बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान कौशलों विकसीत कर समग्र अनुभव दक्षताओं को स्थान मिले।



मास्टर ट्रेनर जितेंद्र कुमार चौहान ने मौखिक भाषा का विकास जिसमें सुनना समझना प्रतिक्रिया देना आवाजों का संप्रेषण इन सभी बातों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मौखिक भाषा से मानक भाषा की बेहतर पकड़ मजबूत कैसे हो, सोचने व तर्क करना, निष्कर्ष निकालना, पठन और लेखन क्षमता का आधार बनाने की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर राम प्रसाद साहू द्वारा डिकोडिंग का मतलब बताया कि डिकोडिंग का मतलब लिखित सामग्री को देखकर ध्वनि रूप से उच्चारित कर पाना, इसके लिए वर्णों और मात्राओं का समझ जरूरी है, अर्थात किसी वर्ण को देखकर ध्वनि से जोड़ पाना, वर्णों को मिलाकर शब्द बन पाना है।

### लेखन कौशल के चार चरणों की दी गई जानकारी

शिक्षक शांत कुमार पटेल ने लेखन कौशल के चार चरण बुनियादी लेखन, साझा लेखन, निर्देशित लेखन,और स्वतंत्र लेखन को विस्तृत रूप से बताया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से जौबन सर के द्वारा दक्षता प्राप्त करने के लिए मौखिक भाषा, डिकोडिंग लेखन, पठन, जिसमें कक्षा में बातचीत कविता, कहानी, खेलकूद द्वारा भाषा विकास, ध्वनि चेतना, शब्द ज्ञान, पर चर्चा किया गया। बुनियादी साक्षरता प्रशिक्षण एवं संख्या ज्ञान कार्यशाला में सभी शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी तीनों जोन का बीईओ और बीआरसी तथा एसआरजी के द्वारा निरंतर मानीटरिंग की जा रही है।

